# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

# परीक्षा समिति की 15वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक | : | 15वीं |
| स्थान | : | विश्वविद्यालय सभागार ,हल्द्वानी |
| दिनांक | : | 17 फरवरी 2022 |
| समय | : | प्रात: 11:00 बजे |

**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)**

**UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)**

**पत्रांक:यू0ओ0यू0/परीक्षा/411(15)/2022/** दिनांक **24/02/2022**

**मानननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 17 फरवरी 2022 (वृहस्पतिवार) को सम्पन्न परीक्षा समिति की 15वीं बैठक का कार्यवृत्त**

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया:—**

1. प्रो0 ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय - अध्यक्ष
2. प्रो0 एल0के0 सिंह, प्रबन्ध अध्ययन विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर, भीमताल - सदस्य
3. प्रो0 पी0एस0 बिष्ट, भौतिक विज्ञान विभाग, एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा - सदस्य
4. प्रो0 गिरिजा पाण्डे , निदेशक, समाज विज्ञान वि0शा0, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
5. प्रो0 दुर्गेश पंत,निदेशक,कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा,उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी - सदस्य
6. प्रो0 पी0डी0 पंत,निदेशक, विज्ञान वि0शा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
7. डा0 अखिलेश कुमार नवीन,निदेशक, विधि वि0शा0,उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
8. प्रो0 रेनू प्रकाश, मानविकी विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
9. प्रो0 सोमेश कुमार,परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य सचिव
10. प्रो0 एच0एस0 नयाल , कुलसचिव, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
11. श्रीमती आभा गर्खाल, वित्त नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
12. डा0 जितेन्द्र पाण्डे, सह-आचार्य,कम्प्यूटर साइंस, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
13. डा0 आशुतोष कुमार भटट, उप परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
14. डा0 कल्पना पाटनी, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
15. डा0 देबकी सिरोला, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
16. डा0 ज्योति रानी, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
17. श्री पंकज कुमार, सहायक क्षेत्रीय निदेशक परीक्षा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
18. श्री नवनीत कुमार, सहायक निदेशक कम्प्यूटर, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
19. श्री राजेन्द्र गोस्वामी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
20. श्रीमती कमला राठौर बिष्ट, कार्यालय सहायक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक (सदस्य सचिव, परीक्षा समिति) द्वारा कुलपति (अध्यक्ष, परीक्षा समिति ) तथा सभी उपस्थित सदस्यों का परीक्षा समिति की 15वीं बैठक में स्वागत किया गया। परीक्षा नियंत्रक ने विशेषरूप से समिति की बैठक में उपस्थित वाह्य सदस्य प्रोफेसर एल0के0सिंह एवं प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट का धन्यवाद किया।

तदुपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्ताववार चर्चा की गयी तथा निम्न संस्तुति प्रदान की गई :



24/2/22
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

24/2/2022
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**<u>प्रस्ताव–15.1</u>** **<u>14वीं बैठक दिनांक 14 जुलाई 2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि</u>**

परीक्षा समिति की 14वीं बैठक दिनांक 14 जुलाई 2021 के कार्यवृत्त का परीक्षा समिति द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन दिया गया।

**<u>प्रस्ताव–15.2</u>** **<u>परीक्षा समिति की 14वीं बैठक दिनांक 14 जुलाई 2021 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही</u>**

परीक्षा समिति की 14वीं बैठक दिनांक 14 जुलाई 2021 की कृत कार्यवाही की जानकारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा समिति को विस्तृत रूप में दी गई जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

**<u>प्रस्ताव–15.3</u>** **<u>विश्वविद्यालय के वर्ष 2021 से संबंधित शीतकालीन परीक्षा सत्र (दिसम्बर–2021) की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं से संबंधित (मुख्य/बैक/सुधार परीक्षा) परीक्षाओं के आयोजन/प्रोन्नत किये जाने के संबंध।</u>**

**(क)** कोविड–19 संक्रमण के मद्दनजर विश्वविद्यालय के वर्ष 2021 से संबंधित शीतकालीन परीक्षा सत्र (दिसम्बर–2021) की वार्षिक/सेमेस्टर के (अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षार्थियों तथा डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम जिनमें सत्रीय कार्य की परीक्षा नही होती है को छोड़कर) मध्यवर्ती वर्ष/सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से संबंधित (मुख्य/बैक/सुधार परीक्षा) परीक्षार्थियों को पूर्व में लागू किये गये नियम के अनुसार सत्रीय कार्य के अंकों के आधार पर पिछले वर्ष की भांति ही कोविड–19 को दृष्टिगत करते हुए प्रोन्नत **(Promote)** किये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई। जबकि **शीतकालीन वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 24 मार्च 2022 से, शीतकालीन सेमेस्टर परीक्षाएं माह अप्रैल 2022 के द्वितीय सप्ताह से एवं ग्रीष्मकालीन (परीक्षा सत्र जून–2022) की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाएं माह जून/जुलाई 2022 में आयोजित की जायेगी।**

परीक्षाओं के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/राज्य सरकार के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशानुसार या अन्य कोई विषम परिस्थितयों पर परीक्षा नियंत्रक द्वारा कुलपति महोदय से अनुमोदन प्राप्त कर परीक्षाओं के आयोजन में यथा सम्भव परिवर्तन किया जा सकता है। इस संबंध में परीक्षा समिति द्वारा कुलपति जी को अधिकृत कर दिया गया।

**(ख)** अन्तिम वर्ष/ अन्तिम सेमेस्टर (End Term) एवं डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं लिखित परीक्षा प्रणाली के अन्तर्गत सम्पन्न कराई जायेगी जो अन्य सभी लिखित परीक्षाओं की तरह ही कुल दो घंटे (Two hour ) की होगी।

24/1/2022
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

24/1/22
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

(घ) जिन पाठ्यक्रमों में प्रयोगात्मक परीक्षा/मौखिक परीक्षा/लघु शोध/परियोजनाकार्य/ क्षेत्रीय कार्य इत्यादि की परीक्षाएं आयोजित होती है ऐसी उक्त समस्त परीक्षाओं को विभागाध्यक्ष/समन्वयक परीक्षा प्रारम्भ की तिथि से पूर्व ऑनलाइन माध्यम से आयोजित कर सम्पादित करेंगे। इस हेतु समस्त विद्याशाखाओं/समन्वयकों को पत्र जारी कर सूचना प्रसारित की जायगी।

इस तरह के प्रस्ताव पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई। तदनुरूप कुलपति को अधिकृत किया गया कि देशकाल परिस्थितियों के अनुसार विश्वविद्यालय/शिक्षार्थी हित को देखते हुए निर्णय में परिवर्तन कर सकते है।

**प्रस्ताव–15.4 मूल व द्वितीय प्रति (Duplicate Copy) उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र, एकल विषय प्रमाणपत्र, अन्तरिम उपाधि प्रमाणपत्र एवं अनापत्ति प्रमाणपत्र के आवेदन शुल्क में बढोत्तरी किये जाने के संबंध में।**

विद्यार्थियों को प्रदान किये जाने वाले मूल व द्वितीय प्रति उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र, एकल विषय प्रमाणपत्र, अन्तरिम उपाधि प्रमाणपत्र एवं अनापत्ति प्रमाणपत्र में वर्ष 2016 से बढ़ोत्तरी नही की गई है एवं अन्य दूरस्थ विश्वविद्यालय इंदिरागांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय,कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं अन्य विश्वविद्यालय में उक्त प्रमाणपत्रों के निर्गत की शुल्क राशि व विश्वविद्यालय हित को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय में आगामी प्रवेश/परीक्षा सत्र से शुल्क वृद्धि किये जाने पर निम्नानुसार समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई। जो कि आगामी वित्त समिति के अनुमोदन हेतु रखा जायेगा।

| क्रम स0 | आवेदन | वर्तमान शुल्क रू0 | प्रस्तावित शुल्क रू0 | समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गई संस्तुति शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मूल उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र | 300/– | 500/– | 500/– |
| 2. | द्वितीय प्रति (Dublicate Copy) उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र | 300/– | 500/– | 500/– |
| 3. | द्वितीय प्रति (Dublicate Copy) अकंतालिका/ट्रांस्क्रिप्ट | 300/– | 500/– | 500/– |
| 4. | एकल विषय प्रमाणपत्र, अन्तरिम उपाधि प्रमाणपत्र एवं अनापत्ति प्रमाणपत्र | 100/– | 200/– | 200/– |

24/4/22

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)



24/4/2022
परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव–15.5 विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा, मुख्य/सेमेस्टर परीक्षाएं एवं अन्य कोई भी परीक्षाएं जो वस्तुनिष्ठ प्रश्न में संचालित होती है/कराई जायेगी उनके प्रश्नपत्र निर्माता के भुगतान राशि में संशोधन किये जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्रों के निर्माण हेतु एक भाषा (MONOLINGUAL) रू0 40 द्विभाषीय (BILINGUAL) के लिए रू0 50 प्रति प्रश्न की दर से भुगतान किये जाने हेतु पूर्व में ही नियम लागू है जो यथावत ही रहेगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार की परीक्षा (जैसे–मुख्य/सेमेस्टर परीक्षाएं एवं अन्य कोई भी परीक्षाएं) जो वस्तुनिष्ठ प्रश्न में सम्पादित की जायेगी उनकी भुगतान राशि जो वित्त समति की 13वीं बैठक 10 फरवरी 2020 में एक भाषा (MONOLINGUAL) रू0 30 द्विभाषीय (BILINGUAL) के लिए रू0 40 प्रति प्रश्न निर्धारित की गई है वही नियम ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम में यथावत रहेगा एवं प्रस्तावित मानदेय वृद्धि में कोई संशोधन न किये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव–15.6 परीक्षा विभाग में Data Processing Room/Upgradation and Modernization of IT Infrastructure बनाये जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष परिक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए परीक्षा विभाग के आई0टी0 इन्फ्रास्टक्चर को बढ़ाने तथा परीक्षा विभाग में Data Processing Center/Room Upgradation and Modernization of IT Infrastructure बनाये जाने एवं परीक्षा विभाग को अलग जनरेटर उपलब्ध कराये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।

उपरोक्त हेतु निम्न सदस्यों की समिति का गठन किया गया जो उक्त पर पूर्ण प्रारूप तैयार कर निर्णय लेकर कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेंगे।

1. प्रो0 पी0डी0 पन्त, निदेशक विज्ञान विद्याशाखा – अध्यक्ष
2. प्रो0 सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक – सदस्य सचिव
3. डा0 जितेन्द्र पाण्डे, सह–आचार्य, कम्प्यूटर साइंस – सदस्य

24/2/22
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

24/2/2022
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव–15.7 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यकीय प्रस्ताव**

1. परीक्षाओं के दौरान यदि किसी परीक्षा केन्द्रों में किसी कारण फर्नीचर एवं अन्य सामाग्री व्यवथा की जानी होगी तो संबंधित परीक्षा केन्द्र द्वारा लिखित रूप से प्रेषित कर सूचना प्रदान की जायेगी जिस पर कुलपति महोदय को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।
2. परीक्षा समिति के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुशंशा की गई कि कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक को शैक्षिक शाखाओं के सभी निदेशकों की भांति पदेनसदस्य (प्रवेश समिति,परीक्षा समिति,वित्त समिति,कार्यपरिष्द,विद्यापरिषद इत्यादि में) बनाये जाने हेतु प्रस्ताव कार्य परिषद, शासन एवं कुलाधिपति को भेजने हेतु **कुलसचिव कार्यालय** द्वारा कार्यवाही सम्पन्न की जायगी।
3. विश्वविद्यालय के वह पाठ्यकम जो अब विश्वविद्यालय में संचालित नही हो रहे है उन सभी पाठ्यकमों में पुनःप्रवेश (Re-Admission) की प्रकिया नही अपनाई जायेगी। इस हेतु **प्रवेश अनुभाग** द्वारा अपने स्तर से समस्त विद्याशाखाओं/समन्वयकों को **यथाशीघ्र निर्देशित** कर कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

बैठक के अन्त में सभी सदस्यों का सचिव, परीक्षा नियंत्रक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।

**सदस्य सचिव ,**
**परीक्षा समिति**
परीक्षा नियन्त्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड
24/5/2022

**अध्यक्ष,**
**परीक्षा समिति**
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)